1

पाठ्यक्रम आधारित अधिगम उद्देश्य एवं उन्हें प्राप्त करने के चरण

प्रस्तावना

सतत एवं व्यापक आकलन की योजना के अन्तर्गत कक्षावार पाठ्यक्रम के अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष सीखने–सिखाने के चरणों को मुख्य रूप से दो भागों में बाँटा गया है। जिसमें से पहला भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म–1 व 2 के सापेक्ष है तथा दूसरा भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म 3 व 4 के सापेक्ष है। ऐसा इसलिए सोचा गया है कि एक कक्षा के पाठ्यक्रम को चार स्तरों पर सभी विषयों में यांत्रिक रूप से तोड़ पाना व्यावहारिक नहीं होगा। इसलिए दो भागों में विभाजन कक्षा की शुरूआत व आखिरी भाग के रूप में समझकर इसे व्यावहारिक बना सकते हैं। यह विचार व्यावहारिक रूप में सम्भव भी हो पाता है। शिक्षण व आकलन में समग्रता को समाहित करने के लिए पाठ्यक्रम का अधिक भागों में विभाजन अवरोध पैदा करता है।

टर्म–1 एवं 2 के लिए

अधिगम क्षेत्र	अधिगम उद्देश्य / विषयवस्तु
सुनकर समझना और समझकर बोलना	• सुनी हुई कविता, कहानी को हाव–भाव के साथ अपने शब्दों में सुना सकें। • अपने परिवेश में सुनी कविता, कहानी व घटनाक्रम को क्रमबद्धता के साथ कह सकें। • सुनकर प्रश्नों के उत्तर देने की पहल कर सकें। • समूह चर्चाओं में पहल कर सकें और अपनी भाषा में अपनी बात व्यक्त कर सकें। • उचित गति को ध्यान रखते हुए सही वाक्य संरचना के साथ विभिन्न संदर्भों के बारे में बता सकें। • कक्षा कक्षीय चर्चा को ध्यान से सुन सकें और अपनी बात को स्पष्टता के साथ अपनी भाषा में रख सकें।
पढ़ना और पढ़कर समझना	• विभिन्न प्रकार की मुद्रित सामग्री को आनन्द के साथ पढ़ सकें। • सीखे गए शब्दों से वाक्यों को बिना रुके प्रवाह के साथ पढ़ सकें और समझ सकें। • चित्र, कहानी, कविता एवं निबंध आदि को आनन्द व रुचि के साथ पढ़ सकें। • संयुक्ताक्षरों को पहचानते हुए लघु एवं दीर्घ मिश्रित मात्रा युक्त शब्द एवं सरल वाक्यों को पढ़ सकें। लोकगीतों में आये कठिन शब्दों को पढ़ सकें और उनका अर्थ जान सके। • पढ़ी हुई कहानी, कविता एवं निबंध को पढ़कर बोल सकें और पात्रों पर चर्चा कर सकें।

अधिगम क्षेत्र	अधिगम उद्देश्य/विषयवस्तु
लिखना	• सीखी गई मात्राओं का प्रयोग करते हुए शब्द एवं सरल वाक्य लिख सकें। • सीखे गये शब्दों का प्रयोग कर सरल वाक्य स्वयं लिख सकें। • सीखी गई सभी मात्राओं की ध्वनि को पहचानते हुए शब्दों का लेखन कर सकें। • परिचित, अपरिचित शब्दों/वाक्यों का श्रुतलेखन कर सकें। • विषयवस्तु के आधार पर एवं अन्य संदर्भित प्रश्नों को सुनकर व पढ़कर छोटे वाक्यों में उत्तर लिख सकें। • विषयवस्तु से संबधित 3–4 वाक्यों में अपनी बात को लिख सकें।
सृजनात्मक अभिव्यक्ति	• अपने मन से स्तरानुसार कविता, कहानी को सुनकर चित्र बना सकें व रंग भर सकें। • विभिन्न वस्तुओं का इस्तेमाल करते हुए चित्रादि बना सकें। • विभिन्न प्रकार के चित्रों में अपनी कल्पना के आधार पर रंग संयोजन कर सकें।

टर्म–3 एवं 4 के लिए

अधिगम क्षेत्र	अधिगम उद्देश्य/विषयवस्तु
सुनकर समझना और समझकर बोलना	• विभिन्न कविताओं को हावभाव एवं लय के साथ सामूहिक रूप से पहल के साथ सुना सकें। • विषयवस्तु से संबंधित निर्देशों को सुनकर समझ सकें एवं उनकी अनुपालना कर सकें। • चित्रों एवं विभिन्न प्रकार की विषयवस्तु से जुड़े प्रसंगों के संदर्भ में चल रही चर्चा में अपनी बात को स्पष्टता के साथ रख सकें एवं सुनी हुई घटनाओं को अपने शब्दों में सुना सकें। • विभिन्न प्रकार के सवालों के जवाब बिना किसी झिझक के अभिव्यक्त कर सकें। • सुनी या पढ़ी हुई विभिन्न प्रकार की विषयवस्तु को अपने शब्दों में सुना सकें।
पढ़ना और पढ़कर समझना	• पाठ्य सामग्री को आनन्द के साथ पढ़ सकें। • लघु व दीर्घ मात्राओं की ध्वनियों को पहचानते हुए छोटी कहानी/कविता को पढ़ कर सुना सकें। • निर्देशों को पढ़कर समझते हुए कार्य कर सकें। • भाव के अनुसार उचित बल देते हुए कविता/कहानी को लघु–दीर्घ मात्रायुक्त शब्दों, संयुक्ताक्षरों आदि को उनके उच्चारण भेद एवं विराम चिह्नों का ध्यान रखते हुए पढ़ कर सुना सकें। • विभिन्न प्रकार की कविताओं/कहानियों/चुटकुलों को आनन्द के साथ पढ़ सकें।
लिखना	• सीखी गयी मात्राओं एवं वर्णों का प्रयोग करते हुए परिचित एवं अपरिचित शब्दों व वाक्यों को लिख सकें। (स्वयं, श्रुतलेख एवं देखकर) • किसी चित्र और घटना के बारे 4–6 वाक्य लिख सकें एवं प्रश्नों को सुनकर/पढ़कर वाक्यों में उत्तर लिख सकें। • विभिन्न प्रकार की विषयवस्तु से संबंधित शब्दावलियों को स्वयं के परिवेशीय शब्दों में लिख सकें। • कहानी एवं कविता की रूप रेखा को क्रमबद्धता एवं तुकबंदी से लिख सकें।
सृजनात्मक अभिव्यक्ति	• स्वयं अपने मनपसंद के चित्र बना सकें एवं कल्पना के आधार पर सफाई के साथ रंग संयोजन कर सकें। • अभिनय और विभिन्न प्रकार की आवाजों को निकालने का प्रयास कर सकें। • विषयवस्तु के आधार पर स्वयं चित्र बना सकें एवं उचित रंग संयोजन कर सकें। • विभिन्न प्रकार के मुखौटे बना सकें एवं परिवेशीय विभिन्न आवाजों को निकाल सकें।

2

योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

प्रस्तावना

आकलन सीखने–सिखाने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि आकलन के बगैर सीखना–सिखाना संभव नहीं है। अतः इसी विचारधारा के अनुरूप दो प्रकार के आकलनों की बात राज्य सरकार की सतत एवं व्यापक आकलन की स्कीम में की जाती है। जिसमें पहला रचनात्मक आकलन है जोकि सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में अंतर्गुथित है जो कि कक्षा–कक्षीय प्रक्रिया में निरंतर होता रहता है तथा दूसरा योगात्मक आकलन है जो एक निश्चित अवधि के उपरांत बच्चे की शैक्षिक उपलब्धि का आकलन करता है।

इन दोनों ही प्रकार के आकलनों के लिए एक तार्किक फ्रेमवर्क द्वारा निर्मित व्यवस्था को काम में लिया जाता है तो सीखने–सिखाने को बहुत हद तक उपयुक्त एवं आवश्यक बनाया जा सकता है। इसके लिए आकलन की एक टैक्सॉनामि को काम में लिया जाता है। जिसके अनुरूप तार्किक फ्रेमवर्क (ब्लूप्रिंट) का एक स्वरूप नीचे दिया गया है तथा इस फ्रेमवर्क के अनुसार एक टर्म का लिखित आकलन के लिए योगात्मक आकलन के टूल को भी संरचित किया गया है।

आपको भी इसी तरह योगात्मक आकलन के लिए टूल की संरचना करनी होगी। जिसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का संग्रह (Test Item Pool) आगे दिया गया है। इस संग्रह में अधिगम क्षेत्रवार प्रश्नों के संग्रह को एक टर्म में आए अधिगम क्षेत्रों के सापेक्ष रखा गया है। बुनियादी क्षमताओं के सापेक्ष प्रश्नों के संग्रह को सभी टर्म में नहीं रखा गया है, क्योंकि अनावश्यक दोहरान पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या को ही बढ़ाता। इसलिए यह ध्यान आपको रखना होगा कि आप किस टर्म की या किस कक्षा की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम अपने आकलन टूल में रखना चाहते हैं, उनका चयन उस भाग से कर लिया जाएगा।

प्रथम योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

क्र.सं.	आकलन के क्षेत्र	प्रश्नों के प्रकार		
		याद रखना	समझना	अनुप्रयोग करना
मौखिक				
1	सुनकर समझना और समझकर बोलना	8, 10	-	-
		-	9, 11	-
		-	-	-
लिखित				
2	पढ़ना और पढ़कर समझना	14	3, 10	9
		-	6	-
		-	-	-
3	लिखना	14, 16	-	-
		-	11	1, 7
		-	-	-
4	सृजनात्मक अभिव्यक्ति	-	-	-
		-	-	-
		-	-	2
	कुल प्रश्न – 15	**5**	**6**	**4**

3

योगात्मक आकलन हेतु मौखिक एवं लिखित आकलन टूल नमूना पत्रक

स्टेट एनिशिएटिव फॉर क्वॉलिटि एज्यूकेशन
प्रथम योगात्मक आकलन

विषय : हिन्दी **कक्षा : 2**

शाला का नाम : ..... **रोल नं. :** .....

विद्यार्थी का नाम : ..... **दिनांक :** .....

अधिगम क्षेत्र : सुनकर समझना एवं समझकर बोलना

1. अपनी पुस्तक की कोई एक कहानी अपने शब्दों में सुनाइए। **(समझना)**

2. इन पंक्तियों को सही उच्चारण के साथ पढ़िए। **(याद रखना)**

दादाजी ने राधा को बताया कि ..... कंगारू आस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पशु है। इनके पेट के निचले भाग में एक विशेष प्रकार की थैली होती है। थैली में यह अपने छोटे बच्चों को रखता है।

3. दी गई पहेली को पढ़कर उसका नाम बताइए – **(समझना)**

(क) तीन अक्षर का मेरा नाम,
उल्टा–सीधा एक समान।

(ख) बिल्ली देखकर मैं डर जाता
कुतर–कुतर सब कुछ खा जाता ।

4. चित्र देखकर अपने शब्दों में बताइए कि कौन क्या कर रहा है। (समझना)



अधिगम क्षेत्र : पढ़ना और पढ़कर समझना

5. कविता को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (समझना)

रविवार है, मौज उड़ाओ,
पहले गरम पकौड़े खाओ।
फिर हो जाओ सब तैयार,
नौका पर होकर सवार।
पार नदी के जाना है,
मौसी को लेकर आना है।

(क) सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए –

(i) बच्चे मौज किस दिन उड़ाते हैं?

(अ) सोमवार (ब) रविवार (स) मंगलवार (द) बुधवार

(ii) नदी पार कर किसे लेकर आना है?

(अ) दादी को (ब) मौसी को (स) नानी को (द) मामी को

(ख) सब तैयार होकर कहाँ जा रहे हैं?

.....

(ग) आप रविवार के दिन कैसे मौज करते हैं?

.....

6. पढ़कर सही शब्दों का चुनाव करके वाक्य पूरा कीजिए – (समझना)

(क) बच्चे अपनी कक्षा में ..... गए। (बेठ / बैठ)

(ख) प्रियांशी और हर्ष पाठशाला जा ..... थे। (रहा / रहे)

(ग) नीम का पेड़ ..... गया। (सुख / सूख)

(घ) एक ..... जंगल में शेर मिला। (दीन / दिन)

7. मैं कौन हूँ ? बताइए – (समझना)

(क) ऊपर से हरा, अंदर से लाल। – .....

(ख) हरा हूँ, लाल मेरी चोंच है। – .....

(ग) पानी में मैं रहती हूँ, जल की मैं रानी हूँ। – .....

(घ) मैं फलों का राजा हूँ। – .....

8. कविता को पढ़िए और उसका चित्र बनाकर रंग भरिए – (अनुप्रयोग करना)

	सुबह–सुबह हम करते सैर, भैया रहे नदी में तैर बैठ पेड़ पर मैना गाती, कैसा मीठा राग सुनाती।

9. प्रश्नों का सही उत्तर से मिलान कीजिए – (समझना)

(क) मीठा राग सुनाती	(अ) कौवी (ब) मोरनी (स) मैना	**(ग)** भैया रहे नदी में	(अ) तैर (ब) सैर (स) बैठ
(ख) सुबह–सुबह हम करते	(अ) सैर (ब) तैर (स) खेल	**(घ)** मैना बैठी है–	(अ) नदी (ब) नाव (स) पेड़

10. निम्नलिखित शब्दों का उनके अर्थ से मिलान कीजिए – (याद रखना)

उत्साह	सात रंगों को
सहायता	कसरत
सतरंगी	उमंग
व्यायाम	मदद

अधिगम क्षेत्र : लिखना

11. नीचे दी गई मात्राओं के चार–चार शब्द बनाकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

आ (ा)	.....	.....	.....	.....
ऊ (ू)	.....	.....	.....	.....
ओ (ो)	.....	.....	.....	.....
ई (ी)	.....	.....	.....	.....
औ (ौ)	.....	.....	.....	.....
ऐ (ै)	.....	.....	.....	.....

12. दिए गए चित्र के बारे में दो–तीन वाक्य लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....


.....

.....


13. नीचे दिए गए चित्रों के नाम लिखिए – (याद रखना)




.....



.....



.....



.....

14. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (समझना)

(क) रक्षाबंधन के त्योहार में बहिनें किसे राखी बाँधती हैं?

.....

(ख) आप पढ़ने के लिए कहाँ जाते हैं?

.....

(ग) इंद्रधनुष कहाँ दिखाई देता है?

.....

(घ) रेलगाड़ी किस पर चलती है?

.....

अधिगम क्षेत्र : सृजनात्मक अभिव्यक्ति

15. चुहिया के चित्र को देखकर समझकर बनाइए – (अनुप्रयोग करना)

1



3



2



4



4

योगात्मक आकलन प्रपत्र बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के मौखिक एवं लिखित प्रश्नों का संग्रह

प्रस्तावना

आगामी पृष्ठों पर अधिगम क्षेत्रवार एवं कौशलवार प्रश्न दिए गए हैं। इस पूल में दिए गए आइटम से ब्लूप्रिंट के अनुसार उपयुक्त चयन करके आपको योगात्मक आकलन के लिए लिखित प्रश्न पत्र का निर्माण करना है। प्रश्न निर्माण हेतु ब्लूप्रिंट पूर्व में दिए अनुसार निर्धारित किया जा सकता है या पूर्व में निर्धारित ब्लूप्रिंट को काम में लिया जा सकता है। आगे आपको जो भी टूल बनाने होंगे, उनको बनाने में उक्त पूल का सहयोग लिया जा सकता है।

टूल बनाते समय इस बात का ध्यान विशेष रूप से रखना होगा कि प्रत्येक टर्म के लिए जो बुनियादी है उसे आगामी टर्म के पाठ्यक्रम पर काम करने के आधार के रूप में समझा जायेगा। इसलिए शुरूआती जिस भी टर्म में बुनियादी क्षमताएँ आ चुकी हैं, वे आगामी टर्मों में दोहराई जायेंगी। राज्य में संचालित स्कीम में यह व्यवस्था इसीलिए की गई है ताकि बच्चों के सीखने में शैक्षणिक अंतर ना रहें।

जो बच्चे अपनी कक्षा के स्तर पर नहीं हैं उन बच्चों के योगात्मक आकलन हेतु बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम उस कक्षा स्तर के आइटम पूल से लेने होंगे जिस स्तर पर अमुक टर्म में बच्चों के साथ काम कराया गया है। नमूने के लिए दिया गया टूल कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं को शामिल करने के विचार पर आधारित है। यदि आपको टूल में नीचे के कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं के आइटम लेने हैं तो आप उस कक्षा स्तर से ले सकते हैं।

इसका तात्पर्य सीधा–सीधा यही हुआ कि कक्षा स्तर के बच्चों का एक टूल होगा तथा कक्षा स्तर से नीचे के बच्चों के लिए अलग–अलग टूल होगा, जो आप अपनी कक्षा की स्थिति के अनुसार बना सकेंगे।

अधिगम क्षेत्र : सुनकर समझना एवं समझकर बोलना

1. **अपनी पसन्द की कविता सुनाइए।** (याद रखना)

2. **दिए गए शब्दों को सही उच्चारण के साथ पढ़िए।** (याद रखना)

उमंग	पतंग	चाँद	परिणाम	कर्म
पृथ्वी	राष्ट्र	पात्र	सहेलियाँ	आत्मा

3. **दिए गए वाक्यों को पढ़िए।** (याद रखना)
   (क) मेरा घर दिल्ली में है।
   (ख) पेड़ पर कितनी चिड़िया है?
   (ग) कितनी सुन्दर साइकिल है।
   (घ) डिब्बे में मिठाई रखी है।

4. **जिस प्रकार 'सहेली' से 'सहेलियाँ' बना है इसी तरह से दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाइए।** (समझना)

कलाई	लड़की	औरत	कुर्सी

5. **चित्र में क्या–क्या हो रहा है, बताइए –** (समझना)



6. **दी गई कविता को पढ़कर बताइए किसके बारे में बात हो रही है?** (समझना)
   चिड़िया मुझे बना दो राम,
   सुंदर पंख लगा दो राम।
   डाल–डाल पर जाऊँगी,
   मीठे गीत सुनाऊँगी।

7. **नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए।** (समझना)
   कमल सुबह घर से विद्यालय आता हैं। मदारी डमरू बजाकर बन्दर को नचा रहा है।

8. **अपनी पुस्तक की काई एक कहानी अपने शब्दों में सुनाइए।** (याद रखना)

9. **चित्र देखकर अपने शब्दों में बताइए कि कौन क्या कर रहा है।** (समझना)



10. **इन पंक्तियों को सही उच्चारण के साथ पढ़िए।** (याद रखना)

दादाजी ने राधा को बताया कि ..... कंगारू आस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पशु है। इनके पेट के निचले भाग में एक विशेष प्रकार की थैली होती है। थैली में यह अपने छोटे बच्चों को रखता है।

11. **दी गई पहेली को पढ़कर उसका नाम बताइए –** (समझना)

(क) तीन अक्षर का मेरा नाम,

उल्टा–सीधा एक समान।

(ख) बिल्ली देखकर मैं डर जाता


कुतर–कुतर सब कुछ खा जाता ।

अधिगम क्षेत्र : पढ़ना और पढ़कर समझना

1. चित्र को उनके नाम से मिलाइए – (याद रखना)



घोड़ा



कोयल



चौकी



कौआ

2. समूह में से अलग ध्वनि वाले शब्द पर घेरा (○) बनाइए – (समझना)

(अ) छोकरी	(ब) जोकर	(स) टोकरी	(द) नौकरी
(अ) आम	(ब) दाम	(स) कम	(द) जाम
(अ) पूछना	(ब) चूसना	(स) सूतना	(द) सीजना
(अ) दिखाकर	(ब) सूखना	(स) जमाकर	(द) पिसाकर
(अ) बुलाती	(ब) बताती	(स) सुखाती	(द) बजाकर

3. कविता को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (समझना)

रविवार है, मौज उड़ाओ,
पहले गरम पकौड़े खाओ।
फिर हो जाओ सब तैयार,
नौका पर होकर सवार।
पार नदी के जाना है,
मौसी को लेकर आना है।

(क) सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए –

(i) बच्चे मौज किस दिन उड़ाते हैं?

(अ) सोमवार (ब) रविवार (स) मंगलवार (द) बुधवार

(ii) नदी पार कर किसे लेकर आना है?

(अ) दादी को (ब) मौसी को (स) नानी को (द) मामी को

(ख) सब तैयार होकर कहाँ जा रहे हैं?


.....

(ग) आप रविवार के दिन कैसे मौज करते हैं?

.....

4. चित्र से नाम का मिलान कीजिए – (याद रखना)

रेल	घर	आँख	किताब	फूल

5. सही शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए – (समझना)

(क) दुहराएं / दोहराए (ख) गिनती / गीनति

(ग) जनावर / जानवर (घ) कबतूर / कबूतर

6. पढ़कर सही शब्दों का चुनाव करके वाक्य पूरा कीजिए – (समझना)

(क) बच्चे अपनी कक्षा में ..... गए। (बेठ/बैठ)

(ख) प्रियांशी और हर्ष पाठशाला जा ..... थे। (रहा/रहे)

(ग) नीम का पेड़ ..... गया। (सुख/सूख)

(घ) एक ..... जंगल में शेर मिला। (दीन/दिन)

7. नीचे दिए गए वाक्य पढ़कर सही (✓) वाक्य पर निशान लगाइए – (याद रखना)

(क) आसमान में तारे चमकते हैं। ( )

(ख) कौआ घास खाता है। ( )

(ग) बगीचे में फूल खिलते हैं। ( )

(घ) आदमी की तीन आँखें होती हैं। ( )

8. नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़कर चित्रांकन कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

खेतों से खलिहानों तक पर्वत से मैदानों तक धरती को रंग धानी दे काले मेघा पानी दे।	

9. कविता की इन पंक्तियों को पढ़कर प्रश्न हल कीजिए – (समझना)

बैंगन बोला सुन री ककड़ी, कहाँ चली तू अकड़ी–अकड़ी।
तू तो है सूखी सी लकड़ी, पर चलती अकड़ी–अकड़ी।

सही (✓) का निशान लगाइए –

(क) बैंगन है – (फल , कॉपी , सब्जी)

(ख) ककड़ी चल रही थी – (सीधी , अकड़ी , झुकी)

(ग) सूखी हुई है – (ककड़ी , बैंगन , लकड़ी)

10. मैं कौन हूँ ? बताइए – (समझना)

(क) ऊपर से हरा, अंदर से लाल। – .....

(ख) हरा हूँ, लाल मेरी चोंच है। – .....

(ग) पानी में मैं रहती हूँ, जल की मैं रानी हूँ। – .....

(घ) मैं फलों का राजा हूँ। – .....

11. कविता को पढ़िए और उसका चित्र बनाकर रंग भरिए – (अनुप्रयोग करना)

	सुबह–सुबह हम करते सैर, भैया रहे नदी में तैर बैठ पेड़ पर मैना गाती, कैसा मीठा राग सुनाती।

12. प्रश्नों का सही उत्तर से मिलान कीजिए – (समझना)

	(अ) कौवी		(अ) तैर
(क) मीठा राग सुनाती	(ब) मोरनी	**(ग)** भैया रहे नदी में	(ब) सैर
	(स) मैना		(स) बैठ
	(अ) सैर		(अ) नदी
(ख) सुबह–सुबह हम करते	(ब) तैर	**(घ)** मैना बैठी है–	(ब) नाव
	(स) खेल		(स) पेड़

13. दिए गए वर्णों से शब्द को पूरा कीजिए – (समझना)

च , म , ल , स , प , ह , र , ज , ढ़ , मु , छू , कू , भ , य , प

तु ..... सी क ..... रा प ..... ना जा ..... ना ..... न्दि .... कर

14. निम्नलिखित शब्दों का उनके अर्थ से मिलान कीजिए – (याद रखना)

उत्साह	सात रंगों को
सहायता	कसरत
सतरंगी	उमंग
व्यायाम	मदद

15. सही शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए – (समझना)

(क) झणडा / झण्डा (ख) सुन्दर / सुनदर

(ग) जंगल / जगल (घ) परतीक / प्रतीक

(ङ) गव्र / गर्व (च) कर्षक / कृषक

16. नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़कर चित्रांकन कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

बादल भैया बहुत हुआ। कीचड़–कीचड़ पानी–पानी। याद सभी को आई नानी।	

17. कविता को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (समझना)

रविवार है, मौज उड़ाओ,
पहले गरम पकौड़े खाओ।
फिर हो जाओ सब तैयार,
नौका पर होकर सवार।
पार नदी के जाना है,
मौसी को लाना है।

(क) सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए –

(i) बच्चे मौज किस दिन उड़ाते हैं?

(अ) सोमवार (ब) रविवार (स) मंगलवार (द) बुधवार

(ii) नदी पार कर किसे लेकर आना है?

(अ) दादी को (ब) मौसी को (स) नानी को (द) मामी को

(ख) सब तैयार होकर कहाँ जा रहे हैं?

.....

(ग) आप रविवार के दिन कैसे मौज करते हैं?

.....


18. सर्दी से बचने के लिए आप किन–किन चीजों का उपयोग करते हैं ? सही समूह पर (✓) का निशान लगाइए। (याद रखना)

बर्फ	रजाई	बर्फ	स्वेटर
रजाई	मटका	रजाई	कोट
छतरी	कोट	स्वेटर	आग
मटका	बर्फ	आग	रजाई

19. चित्र से नाम का मिलान कीजिए – (याद रखना)

रेल	घर	आँख	किताब	फूल







20. सही शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए – (समझना)

(अ) दुहराएं / दोहराएँ

(ब) गिनती / गीनति

(स) जनावर / जानवर

(द) कबतूर / कबूतर

(य) क्रष्ण / कृष्ण

(र) गर्म / ग्रम

(ल) सबजियाँ / सब्जियाँ

(व) प्रतिदिन / परतिदिन

21. पढ़कर सही उत्तर से मिलान कीजिए – (समझना)

सुबह मैं निकलता हूँ, शाम को छिप जाता हूँ।	पेंसिल
आसमान में रहते हैं, टिमटिम–टिमटिम करते हैं।	चूहा
हरदम तुम्हारे लिखने के काम मैं आऊँ।	तारे
छुपके –छुपके से मैं आता हूँ, चीजों को कुतरता हूँ।	सूरज

22. सही वाक्य पर सही (✓) व गलत (×) पर गलत का निशान लगाइए – (समझना)

(क) घोड़ा घास खाती है। ( )

(ख) हम स्कूल जाते हैं। ( )

(ग) लड़कियाँ पतंग उड़ाती हैं। ( )

(घ) लड़के साकिल चला रही हैं। ( )

23. नीचे दी गई पंक्तियों को सही करके लिखिए – (समझना)

जैसे– खरगश तेज दोड़ता है। खरगोश तेज दौड़ता है।

(क) गजर लाल है। .....

(ख) पलक हर है। .....

(ग) आसमन नील है। .....

(घ) घस हरी है। .....

24. दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (समझना)

एक कछुआ था। तालाब में रहता था। वहीं दो हंस रहते थे। तीनों पक्के दोस्त थे। साथ–साथ तैरते। पानी में डुबकियाँ लगाते। आँख मिचौनी खेलते। जो कुछ पाते, मिल–बाँटकर खा लेते। बड़े मज़े में रहते।

(अ) तालाब में कौन रहता था ?

.....

(ब) तीनों कौन–सा खेल खेलते थे ?

.....

(स) आप कौन सा खेल ज्यादा खेलते हो ? लिखिए।

.....

(द) पक्के दोस्त कौन–कौन थे? उनके नाम लिखिए–

.....

(य) आपका पक्का दोस्त कौन है? उसका नाम लिखिए–

.....

25. वर्णों को सही क्रम में जमाते हुए शब्द लिखिए – (समझना)

जैसे – हुँ / ची / प पहुँची

घ / ब / रा / ना ..... र / मा / ई / श .....

कौ / ड़ी / प ..... ली / उ / छ .....

26. शब्दों को जोड़कर तीन वाक्य बनाइए और लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

सीता राम शेर	बाजार से का खून घर की दरवाजा	लोट लौट ओर और खोल खौल	रही है। राधा सहेली है। रहा है। आ रहा है।

सीता बाजार से लौट रही है।

.....

.....

.....

27. शब्दों को सही क्रम देते हुए वाक्य बनाइए – (अनुप्रयोग करना)

(क) आम / रखे / हैं / टोकरी / में

.....

(ख) शाला / बच्चे / पढ़ते / में / हैं

.....

(ग) फूल / बैठी / तितली / पर / हैं

.....

(घ) नहाना / हमें / चाहिए / रोज

.....

28. वर्ण मिलान कर आकृति पूरी कीजिए और इसमें रंग भरिए – (याद रखना)



अधिगम क्षेत्र : लिखना

1. नीचे दी गई मात्राओं के चार–चार शब्द बनाकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

आ (ा)	.....	.....	.....	.....
ऊ (ू)	.....	.....	.....	.....
ओ (ो)	.....	.....	.....	.....
ई (ी)	.....	.....	.....	.....
औ (ौ)	.....	.....	.....	.....
ऐ (ै)	.....	.....	.....	.....

2. कौन क्या कर रहा है लिखिए – (समझना)



(क) .....

.....

(ख) .....

.....

(ग) .....

.....

3. नीचे लिखे शब्दों से एक–एक वाक्य बनाइए – (अनुप्रयोग करना)

(क) चूहा – .....

(ख) पेड़ – .....

(ग) किताब – .....

(घ) गमला – .....

4. अपनी पसन्द का चित्र बनाकर उसके बारे में लिखिए – (समझना)

_____	
_____	
_____	
_____	
_____	
_____	
_____	
_____	
_____	
_____	
_____	

5. नीचे दिए गए शब्दों के सामने समान ध्वनि वाले तीन–तीन शब्द लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

नीला – ..... , ... , ...

कच्चा – ..... , ... , ...

आलू – ..... , ... , ...

छटपट – ..... , ... , ...

6. निम्नांकित सामग्री में से राखी बनाने में काम आने वाली सामग्री को छाँटकर लिखिए – (याद रखना)

मिठाई, मोती, रेशमी धागा, कॉपी, रंगीन कपड़ा, फिरकी, सितारे, गोटा, पैन, रुमाल, टोपी

.....

.....

7. दिए गए चित्र के बारे में दो–तीन वाक्य लिखिए – (समझना)



.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

8. अपनी पसंद के त्योहार के बारे में लिखिए। (याद रखना)

.....

.....

.....




.....

9. <u>रात</u> का उल्टा (विलोम) <u>दिन</u> होता है। नीचे दिए गए शब्दों का उल्टा (विलोम) शब्द लिखिए – (याद रखना)


अँधेरा – ..... , आगे – ..... ,

गोरा – ..... , नया – ..... ,

10. नीचे दिए गए चित्रों के नाम लिखिए – (याद रखना)

			
.....	.....	.....	.....

11. चित्र देखकर वाक्य लिखिए – (समझना)



12. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (याद रखना)

(क) रक्षाबंधन के त्योहार में बहिनें किसे राखी बाँधती हैं?


(ख) आप पढ़ने के लिए कहाँ जाते हैं?

(ग) इंद्रधनुष कहाँ दिखाई देता है?


(घ) रेलगाड़ी किस पर चलती है?

अधिगम क्षेत्र : सृजनात्मक अभिव्यक्ति

1. चित्र में रंग भरिए – (समझना)



2. चुहिया के चित्र को देखकर समझकर बनाइए – (अनुप्रयोग करना)



3. कविता की लाइनों को पढ़कर चित्र बनाइए – (समझना)

चूहा–चूहा लकड़ी ला, लकड़ी लाकर घर बना,	


4. कविता को पढ़कर चित्र बनाइए – (समझना)

दिल्ली से आया एक बिल्ला, नाम है उसका रंगीला, मंद–मंद मुस्कान है उसकी, चश्मा है उसका चमकीला।	

अधिगम क्षेत्र : सुनकर समझना और समझकर बोलना

1. **पढ़ी हुई कविता को सामूहिक रूप से हावभाव व लय के साथ सुनाइए।** (याद रखना)

2. **चित्र देखकर बताइए क्या–क्या हो रहा है –** (समझना)



3. **कल्पना के आधार पर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (समझना)

   (क) पक्षियों की तरह यदि आपके पंख होते तो आप क्या–क्या करते?

   (ख) यदि आप पेड़ होते तो आप सबको क्या –क्या देते?

4. **अपनी पसन्द का चुटकला/पहेली सुनाइए।** (याद रखना)

5. **निम्न गद्यांश को सही उच्चारण के साथ पढ़िए –** (याद रखना)

   शिक्षक ने कक्षा में चित्र दिखाकर बताया कि नहाने के लिए सबसे जरूरी बात है कि जल स्वच्छ हो। जल स्वच्छ नहीं होगा तो चमड़ी की कई बीमारियाँ हो जाएंगी– जैसे फोड़ा, फुन्सी, दाद, खुजली आदि।

6. **निम्न पहेलियों को पढ़कर उत्तर बताइए –** (समझना)

   (क) दो आँखों पर, रौब जमाऊँ,
   दो कानों पर, खड़ा रहूँ।

   (ख) कटोरे पर कटोरा,
   बेटा बाप से भी गोरा

7. **दिए गए शब्दों की प्रथम ध्वनि के आधार पर वर्णमाला क्रम में बताइए –** (समझना)

उदयपुर	नगर	शहर	मकान	बकरी
कछुआ	धरम	खटमल	जहाज	पतंग

8. दी गई पहेलियों को पढ़कर उत्तर बताइए – (समझना)

(क) हमने देखा, एक बीमार,
कपड़े पहने, सौ हजार।

(ख) फल, फूल और मिठाई,

तीनों में हूँ मैं, बूझो बच्चो, कौन हूँ मैं?

9. नीचे दी गई कविता को पढ़कर सुनाइए – (याद रखना)

चुहिया जी ने चश्मा पाया,

समझा उसे अँखियों का गहना।

ऊँचा नीचा दिया दिखाई,

बीच सड़क पर ठोकर खायी।

धम्म से गिरी घुटना भी टूटा,

बीच सड़क में चश्मा टूटा।

10. अपनी मनपसंद की पहेली या चुटकुले सुनाइए – (याद रखना)

11. अगर चूहा शेर की मदद नहीं करता तो शेर का क्या हाल होता? (समझना)

12. दिए गए चित्र की कहानी बनाकर सुनाइए – (अनुप्रयोग करना)



अधिगम क्षेत्र : पढ़ना और पढ़कर समझना

1. दिए गए नामों को वर्णमाला के क्रम से लिखिए – (याद रखना)



2. सही मात्रा वाले शब्द पर घेरा (O) लगाइए – (समझना)

खूलवाने	रास्ता	मुसिबत	खेत
मजदूरी	मेहनती	बेल	जिवन
बीजली	वर्षा	मिटटी	

3. समूह में से बेमेल शब्द को छाँटकर लिखिए – (समझना)

(क) रेलगाड़ी, इंजन, ऊँट, टीटी, सिगनल .....

(ख) पुस्तक, वर्षा, स्कूल, पेन, स्कूलड्रेस .....

(ग) कुर्सी, मेज, हाथी, अलमारी, डेस्क .....

(घ) आम, केला, चीकू, बस, संतरा .....

4. सही वाक्य के आगे सही (✓) व गलत वाक्य के आगे (×) का निशान लगाइए – (समझना)

(क) रेल में यात्रा के लिए टिकट लेना जरूरी है। ( )

(ख) सूर्यास्त के समय सूरज का रंग सफेद होता है। ( )

(ग) धरती की बहन का नाम सतरंगी था। ( )






(घ) गुरू जी ने अपना सामान सही जगह रखने की शिक्षा दी। ( )

5. दी गई वर्ग पहेली में से जानवरों और पक्षियों के नाम छाँटकर गोला लगाइए और सही तालिका में लिखिए – (समझना)

पक्षी	जानवर
मुर्गा	

भा	मु	र्गा	को	ट
ज	लू	त	य	ल
बं	द	र	क	मो
म	च	बि	ल्ली	र

6. पहचान कर मिलाइए – (समझना)

(क) काँव–काँव करता हूँ।	
(ख) कपड़े कुतरता हूँ।	
(ग) टर्र–टर्र करता हूँ।	
(घ) पों–पों करती हूँ।	
(ङ) चीं–चीं करती हूँ।	

7. दी गई पहेलियों को पढ़कर उसका नाम लिखिए – (समझना)

वर्षा में मैं काम आऊँ।
धूप से मैं बचाऊँ।
बतलाओ तो मैं क्या कहलाऊँ।

.....

स्वेटर पहना ओढ़ी शाल,
फिर भी होते हैं बेहाल।
आग तापने बैठें हम,
बोलो कौन सा है मौसम ?

.....

8. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए – (समझना)

(क) पाठशाला में कागज के ..... बनाए गए। (लिफाफा / लिफाफे)
(ख) कुएँ की है बात ..... । (निराली / निराला)
(ग) माँ ने नल है ..... । (खोले / खोला)
(घ) आप का विचार तो बहुत ..... है। (अच्छी / अच्छा)

9. कहानी को पढ़कर दिए गए प्रश्न हल कीजिए – (समझना)

किसी जंगल में आम के पेड़ पर मीकू बंदर रहता था और लीची के पेड़ पर टिंकू लंगूर। मीकू बंदर रोज आम तोड़–तोड़ कर खाता था और टिंकू लंगूर लीची। दोनों एक–दूसरे को अपने पेड़ के फल नहीं देते थे। एक दिन टिंकू की इच्छा हुई कि वह आम खाए। लीची तो वह बहुत दिनों से खा रहा था, पर आम कैसा होता है, यह उसे पता नहीं था। उसने मीकू से कहा, 'भाई मीकू मुझे एक आम खाने को दो। उसके बदले मैं तुमको लीचियाँ दूँगा।

सही पर सही (✓) का निशान लगाइए –

(क) लीची के पेड़ पर कौन रहता था? (मीकू / टिंकू)
(ख) क्या, आम के पेड़ पर मीकू बंदर रहता था? (नहीं / हाँ)
(ग) आम और लीची हैं? (फल / सब्जी)
(घ) बंदर और लंगूर हैं? (पक्षी / जानवर)

10. शब्द अंताक्षरी को आगे बढ़ाइए – (समझना)

कोयल → लटक → क..... → ..... → .....

11. नीचे दिए गए वाक्य पढ़कर सही (✓) वाक्य पर निशान लगाइए – (याद रखना)

(क) आम नीले रंग का होता है। ( )

(ख) फल बेचने वाले को फलवाला कहते हैं। ( )

(ग) कौआ एक पशु है। ( )

(घ) मोर एक पक्षी है। ( )

12. हर समूह में जो सबसे अलग है उस पर (×) निशान लगाइए – (समझना)

घड़ा	~~कबड्डी~~	खाट	दरी
कछुआ	मेंढक	बकरी	मछली
नाव	चील	झील	पानी
दाल	खीर	बरफी	रबड़ी

13. सही शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए – (याद रखना)

(क) आँकन	(ख) आँगन	(ग) आगँन	(घ) आगंन
(क) मूँछ	(ख) मूंछ	(ग) मूछ	(घ) मूछँ
(क) ऊंच	(ख) ऊचं	(ग) ऊँच	(घ) ऊचँ
(क) हंसना	(ख) हसनाँ	(ग) हसना	(घ) हँसना

14. पढ़कर समझिए और लिखिए – (पहेली) (समझना)

(क) पेड़ों में रहता हूँ .....
उछल–कूद करता हूँ

(ख) हरियल–हरियल प्यारा पंछी .....
लाल चोंच का प्यारा पंछी

15. कहानी को पढ़कर प्रश्न हल कीजिए – (समझना)

एक घने जंगल में एक बड़ा–सा साँप रहता था। चींटियों के अंडे, मेंढक और छिपकलियों को खाकर वह अपना पेट भरता था। रातभर वह भोजन की तलाश में यहाँ–वहाँ घूमता था और दिन में अपने बिल में जाकर सो जाता। धीरे–धीरे वह मोटा होने लगा। वह इतना मोटा हो गया कि उसका बिल के अंदर–बाहर आना–जाना भी कठिन हो गया। फिर वह अपना बिल छोड़कर एक पेड़ के नीचे रहने लगा। वहाँ पर चींटियों का घर (बाँबी) था, साँप को देखकर चींटियों ने उस पर हमला कर दिया।

(क) साँप क्या–क्या खाकर अपना पेट भरता था?

.....

(ख) साँप दिनभर क्या–क्या करता था?

.....

(ग) चींटियों ने उस पर हमला क्यों किया होगा?

.....

(ङ) 'मोटा' का विलोम शब्द (उल्टा) क्या होगा?

.....

16. सही शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए – (समझना)

पकौड़ी / पकोड़ी	घबराइ / घबराई	चूसना / चुसना
छोकरी / छौकरी	मेंढक / मैडक	हिरन / हीरण

17. वर्णो को सही क्रम में लिखकर शब्द बनाइए – (समझना)

(क) लाँ/ग/छ ..... (ख) बौ/र/छा .....

(ग) ले/बे/ल/अ ..... (घ) ढ़/क/लु .....

18. शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए – (समझना)

(क) आएगा/ तो/ आज/ बड़ा/ मजा

.....

(ख) थे/खरगोश/ तीन/ नाच/ अलबेले/ रहे

.....

(ग) एक/ बोला/ हाथी/ खरगोश/ से


.....

(घ) खड़े/ हाथी दादा/ में/ नदी/ थे

.....

19. नाम खोजकर घेरा (○) लगाइए और चित्र से मिलाइए – (समझना)











म	छ	ली	ऊँ	ट	
	ख	ति			ब
चू	र	त	कौ		क
हा	गो	ली	आ		री
	श			घो	ड़ा
शे	र				













20. पहेलियों को पढ़कर उनके उत्तर बताइए और चित्र बनाइए – (समझना व अनुप्रयोग करना)

(क) हरा हूँ, लाल मेरी चोंच है। हरी मिर्च खाता हूँ।	

(ख) काले रंग की होती हूँ, मीठा गाना गाती हूँ।	
(ग) पहले हरा बाद में पीला, गरमी में लगता रसीला।	

21. सही वाक्य पर सही (✓) और गलत (×) का निशान लगाइए – (याद रखना)

(क) मछली पानी में रहती है। ( )

(ख) बंदर गुफा में रहता है। ( )

(ग) उड़ने वाले जानवरों को पशु कहते हैं। ( )

(घ) गिलहरी पेड़ पर रहती है। ( )

22. दिए गए शब्दों को पढ़िए और सही शब्द पर घेरा (✓) और गलत शब्द पर गलत (×) का निशान लगाइए – (समझना)

चिड़ीया	नदी	आँख	खरगश
घर	जनवर	खीड़की	पूछ
दरवजा	छलाग	सूँड	कबूतर
हिरन	बांसूरि	भालु	आँगन
चीता	बील्ली	सुरज	गुलाब

23. नीचे दिए गए वाक्यों में कुछ शब्द गलत हो गए हैं उन्हें, सही करके वाक्य पुनः लिखिए– (समझना)

(क) फूदक–फूदक कर खेलै वो। .....

(ख) मेर घर की डौली पर। .....

(ग) जगल में सेर रहता था। .....

(घ) आख में पानी बर बाया। .....

(ङ) चू–चू करके हमें जगातीं। .....

24. दी गई कहानी को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (समझना)

एक लोमड़ी बहुत भूखी थी। वह भोजन की खोज में इधर–उधर भटकने लगी। वह एक बाग में जा पहुँची। वहाँ उसने एक बेल पर अंगूर लगे देखे। लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया। वह अंगूर तोड़ने के लिए बार–बार उछलने लगी, पर अंगूर बहुत ऊँचाई पर थे। वह वहाँ तक नहीं पहुँच पाई और निराश हो गई। वह अपने मन को यह कहकर समझाने लगी– अंगूर तो खट्टे हैं। इनको खाने से मैं बीमार हो जाऊँगी।

(क) उचित शब्दों का उपयोग करते हुए रिक्त स्थान भरिए –

(बीमार , ऊँचाई , लोमड़ी , मुँह)

(अ) एक ..... बहुत भूखी थी।

(ब) लोमड़ी के ..... में पानी आ गया।

(स) पर अंगूर बहुत ..... पर थे।

(द) इनके खाने से मैं ..... हो जाऊँगी।

(ख) सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए–

लोमड़ी भूख लगने पर कहाँ पहुँची –

(अ) बाजार (ब) बाग में (स) होटल (द) जंगल ( )

(ग) अंगूर तक नहीं पहुँच पाने पर लोमड़ी ने कहा–

(अ) अंगूर ऊँचे हैं । ( )

(ब) अंगूर खट्टे हैं। ( )

(स) अंगूर कड़वे हैं। ( )

(द) अंगूर मीठे हैं। ( )

25. अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (समझना)

गाँव में बच्चे खेत गाँव की सैर करने गए। वहाँ उन्होंने देखा किसान खेत में हल चला रहा है और मिट्टी में मक्की के बीज डाल रहा है। बच्चों ने किसान से पूछा – मक्की के बीज मिट्टी में क्यों डाल रहे हो ? किसान ने कहा – कि इन बीजों को मिट्टी में डालेंगे तो कुछ दिनों बाद इनमें से अंकुर निकलेंगे और मक्की के नए पौधे तैयार होंगे।

(क) बच्चे सैर करने कहाँ गए थे ?

.....

(ख) मक्की से क्या तैयार होगा ?

.....

(ग) हल कौन चला रहा था?

.....

26. नीचे दिए गए उदाहरण के अनुसार अन्य वाक्य पूरे कीजिए – (समझना)

किसान <u>दिन–रात</u> मेहनत करता है।

(क) दीपावली पर मेहमानों का आना – ..... लगा रहता है।

(ख) बाल मेले में खाने – ..... की दुकानें थीं।

(ग) मोहन अपनी दीदी के ..... पीछे घूमता रहता है।

(घ) बंदर दिनभर ऊपर – ..... कूदता है।

अधिगम क्षेत्र : लिखना

1. (प, ल, म, ह, त, क, ा ि ु ू ी े ो) इन दिए गए उक्त वर्ण एवं मात्राओं का उपयोग कर पाँच शब्द बनाकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

....

....

2. आपने जो कविताएँ पढ़ी हैं उनमें से सबसे अच्छी कविता कौनसी लगी, उसका नाम लिखकर कोई दो पंक्तियाँ लिखिए – (याद रखना)

.....

.....

.....

3. नीचे दिए गए शब्दों के सामने समान ध्वनि वाले तीन–तीन शब्द बनाइए – (अनुप्रयोग करना)

बन्दर – ....., ..., ...,

सँभालना – ....., ..., ...,

गंध – ....., ..., ...,

खाऊँगा – ....., ..., ...,

4. निम्नांकित शब्दों के अर्थ लिखिए – (याद रखना)

दोस्त ..... गुफा .....

गंध ..... मुसाफिर .....

5. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (याद रखना)

(क) इन्द्रधनुष को सूरज का सतरंगी रुमाल क्यों कहा गया है?

.....

.....

(ख) चूहे ने शेर की जान कैसे बचाई?

.....

.....

(ग) गुरू जी की बात सुनकर बबलू ने क्या निश्चय किया?

.....

.....

(घ) चूहे ने शेर से क्या कहा?

.....

.....

6. आप अपने विद्यालय में क्या–क्या काम करते हैं ? लिखिए। (समझना)

.....

.....

.....

.....

7. चित्र के आधार पर वाक्य बनाकर लिखिए – (समझना)

.....

.....


.....

.....

.....

.....

.....



8. दी गई कविता को पूरा कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

इनमें से शब्द चुनिए –

छम – छम – छम
टर – टर – टर
घड़ – घड़ – घड़
ढम – ढम – ढम
टप – टप – टप
करते, बरसे,
बाजे, गरजे, झनक



घण्टी बाजे टन टन टन

बादल .....



पानी .....

मेंढक .....





ढोलक .....

पायल .....




9. निम्न चित्रों के नाम लिखिए – (याद रखना)




.....



.....




.....



.....

10. कौन क्या कर रहा है? चित्र देखकर लिखिए – (समझना)



.....

.....





.....

.....



11. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए – (अनुप्रयोग करना)


जंगल – .....

मेंढक – .....

स्कूल – .....

चींटियाँ – .....

12. दिए गए चित्रों के आधार पर 5–6 वाक्य बनाकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



.....

.....




.....

.....

.....


.....

13. दिए गए चित्रों के नाम लिखिए – (याद रखना)


				
.....	.....	.....	.....	.....

14. चित्र–1 और चित्र–2 में क्या–क्या अन्तर हैं? घेरा (○) लगाइए और अन्तर लिखिए– (अनुप्रयोग करना)

चित्र–1



चित्र–2



15. नीचे लिखे शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए – (अनुप्रयोग करना)


(क) मदद

(ख) शिकार

(ग) शिकारी

(घ) आज़ाद

16. ऊँट के शरीर के विभिन्न भागों के नाम लिखिए – (समझना)



17. ऊँट की 2 खास बातें लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

18. दिए गए चित्र को देखकर कविता की लाइनें पूरी कीजिए – (अनुप्रयोग करना)



..... जैसी पूँछ है इसकी
..... जैसी सूँड।
..... जैसे पंख हैं इसके
..... जैसी आँख।

19. कविता को दिए गए शब्दों से पूरा कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

पों–पों	गुटर गूँ	चैं–चैं	मैं–मैं	भौं–भौं

मुर्गा बोला **कुकडू–कूँ**

करे कबूतर ....., मोटर .....,

कुत्ता ....., बकरी .....,

चिड़िया .....,

20. खूब तेज़ बारिश होने पर आप सब अपने–अपने घर चले जाते हैं। लेकिन सोचकर लिखें कि– ये सब बारिश से बचने के लिए क्या करेंगे ? (समझना)

लोग – .....

कबूतर – .....

कुत्ता – .....

21. कौन क्या कर रहा है लिखिए – (अनुप्रयोग करना)






....

....

22. चित्र देखकर लिखिए कि इसमें क्या–क्या हो रहा है? (अनुप्रयोग करना)



.....
.....
.....
.....
.....
.....
.....
.....

23. चित्र देखकर इसके बारे में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



24. दिए गए प्रश्नों के उत्तर वाक्यों में लिखिए – (समझना)

(क) यदि तुम्हारे पास चार चने होते तो तुम किस–किसको खिलाते?

(ख) मालिक चतुर चिड़िया का घोंसला क्यों फेंकना चाहता था?

(ग) पढ़ते–पढ़ते प्रभा की आँखें क्यों भर आई होंगी?

(घ) चाँद ने अपनी माँ से ऊन का झिंगोला क्यों माँगा होगा?

25. यदि आप चाँद की जगह होते तो क्या–क्या करते? (अनुप्रयोग करना)

सृजनात्मक अभिव्यक्ति

1. अपनी पसंद का चित्र बनाकर रंग भरिए – (समझना)

2. अपने आसपास के लोगों का अभिनय कीजिए – (समझना)

3. एक बिल्ली आई दो–दो चूहे लाई। इसका चित्र बनाइए – (समझना)

प्रश्न बैंक निर्माण ब्लूप्रिंट

क्रम	अधिगम क्षेत्र	अधिगम क्षेत्र से जुड़ा उपसूचक	प्रश्न क्रमांक	एण्डरसन टैक्सोनोमि के अन्तर्गत कौशल/उद्देश्य
टर्म–1 व 2	**सुनकर समझना एवं समझकर बोलना**	सुनी गयी कविता/कहानी को हाव –भाव के साथ अपने शब्दों में आत्मविश्वास के साथ पाना।	1	याद रखना
		विषयवस्तु के अनुसार स्पष्ट उच्चारण कर पाना। (शब्दों का)	2	याद रखना
		विषयवस्तु के अनुसार स्पष्ट उच्चारण कर पाना। (वाक्यों का)	3	याद रखना
		विषयवस्तु के अनुसार स्पष्ट उच्चारण कर पाना एवं वचन बना कर बदल पाना।	4	समझना
		विषयवस्तु से संबंधित क्या, क्यों, कैसे वाले प्रश्न बना पाना तथा बता पाना एवं पूछने की क्षमता का विकास करना।	5	समझना
		विषयवस्तु से संबंधित वाक्यों को पढ़कर बता पाना एवं स्पष्ट उच्चारण कर पाना।	6, 7	समझना
		सुनी गयी एवं पढ़ी कविता/कहानी को अपने शब्दों में बता पाना।	8	समझना
		चित्र दृश्यों पर अपनी अभिव्यक्ति दे पाना एवं अपनी बात को स्पष्ट रूप में बता पाना।	9	समझना
		विषयवस्तु से संबंधित वाक्यों को पढ़कर बता पाना एवं स्पष्ट उच्चारण कर पाना।	10	याद रखना
		पहेली, चुटकुले आदि का अर्थ बता पाना।	11	समझना
	पढना एवं पढकर समझना	चित्र आदि के निर्देशों को पढ़कर समझते हुए कार्य कर पाना।	1	याद रखना
		विषयवस्तु से संबंधित शब्दों/वाक्यों को पढ़कर बता पाना।	2	समझना
		किसी कविता/कहानी एवं विषयवस्तु से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे पाना।	3	समझना
		विषयवस्तु से संबंधित शब्दों/वाक्यों को पढ़कर बता पाना।	4	याद रखना
		विषयवस्तु के बढ़ते क्रम में लघु–दीर्घ मात्रायुक्त शब्दों के विभिन्न रूपों को उच्चारण भेद के अनुसार पढ़ पाना।	5	समझना
		विषयवस्तु से संबंधित शब्दों/वाक्यों को पढ़कर बता पाना एवं पूरा कर पाना।	6	समझना
		विषयवस्तु से संबंधित शब्दों/वाक्यों को पढ़कर बता पाना एवं सही गलत को पहचान पाना।	7	याद रखना
		किसी विषय वस्तु को पढ़कर चित्रांकन कर पाना।	8	अनुप्रयोग करना
		संबंधित निर्देशों को पढ़कर समझते हुए कार्य कर पाना एवं प्रश्नों के उत्तर दे पाना।	9	समझना
		पहेलियों को पढ़कर उत्तर बता पाना।	10	समझना
		किसी कविता/कहानी को पढ़कर चित्रांकन कर पाना।	11	अनुप्रयोग करना
		विषयवस्तु से संबंधित शब्दों/वाक्यों को पढ़कर बता पाना एवं सही गलत को पहचान पाना।	12 से 15	समझना, याद रखना
		किसी कविता/कहानी को पढ़कर चित्रांकन कर पाना।	16	अनुप्रयोग करना

क्र	अधिगम क्षेत्र	अधिगम क्षेत्र से जुड़ा उपसूचक	प्रश्न क्रमांक	एण्डरसन टैक्सोनोमि के अन्तर्गत कौशल/उद्देश्य
		विषयवस्तु से संबंधित शब्दों/वाक्यों को पढकर उत्तर दे पाना।	17	समझना
		विषयवस्तु से संबंधित शब्दों/वाक्यों को पढ़कर बता पाना एवं सही गलत की पहचान कर उपयुक्त का चुनाव कर पाना।	18	याद रखना
		शब्दों/वाक्यों को पढ़कर चित्र के साथ मिलान कर पाना।	19	याद रखना
		लघु–दीर्घ मात्रायुक्त शब्दों के विभिन्न रूपों को उच्चारण भेद के अनुसार पढ़ पाना एवं विभेद कर पाना।	20	समझना
		पहेलियों को हल कर पाना एवं सही उत्तर से मिलान कर पाना।	21	समझना
		शब्दों एवं वाक्यों में वचन, लिंग तथा क्रिया के आधार पर सही एवं गलत को पहचान पाना।	22	समझना
		शब्दों एवं वाक्यों की वर्तनी सही कर पाना।	23	समझना
		सरल अनुच्छेद को पढ़कर उत्तर दे पाना।	24	समझना
		शब्दों को सही ध्वनि के साथ पढ़कर सही कर लिख पाना, वर्णों को क्रम दे पाना।	25, 28	समझना, याद रखना
		शब्दों को जोड़कर वाक्यों के रूप में निर्माण कर पाना।	26	अनुप्रयोग करना
		शब्दों को सही क्रम में रखकर वाक्य बना पाना।	27	अनुप्रयोग करना
	लिखना	मात्राओं से बनने वाले शब्दों का लेखन कर पाना।	1	अनुप्रयोग करना
		चित्रों को देखकर वाक्य लिख पाना।	2	समझना
		चित्रों /शब्दों से वाक्यों का निर्माण कर पाना।	3	अनुप्रयोग करना
		अपनी पसंद का चित्रांकन कर पाना एवं उसके बारे में लिख पाना।	4	समझना
		समान ध्वनि वाले शब्दों को पढ़कर लिख पाना।	5	अनुप्रयोग करना
		किसी विषयवस्तु के अनुसार निर्देशों को पढ़कर लिखित अभिव्यक्ति दे पाना।	6	याद रखना
		किसी चित्र दृश्य पर दो – तीन वाक्यों में अपने विचार लिख पाना।	7	समझना
		अपनी पसंद के बारे में लिख पाना।	8	याद रखना
		विपरीत शब्दों के बारे में समझ कर अभिव्यक्ति कर पाना।	9	याद रखना
		सीखे गए वर्णों एवं मात्राओं से बने शब्दों को लिख पाना।	10	याद रखना
		किसी चित्र दृश्य पर दो–तीन वाक्यों में अपने विचार लिख पाना।	11	समझना
		विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में दे पाना।	12	याद रखना
	सृजनात्मक अभिव्यक्ति	विभिन्न प्रकार के चित्रों में अपनी कल्पना के आधार पर रंग संयोजन कर पाना।	1	समझना
		क्रम के अनुसार चित्र बना पाना	2	अनुप्रयोग करना
		कविता की लाइनों को पढ़कर चित्र बना पाना।	3, 4	समझना
३	**सुनकर समझना**	कविताओं को हाव भाव एवं लय के साथ सुना पाना।	1	याद रखना

क्र	अधिगम क्षेत्र	अधिगम क्षेत्र से जुड़ा उपसूचक	प्रश्न क्रमांक	एण्डरसन टैक्सोनोमि के अन्तर्गत कौशल/उद्देश्य
	एवं समझकर बोलना	चित्रों से जुड़े प्रसंगों से संबंधित चर्चा में अपनी समझ को व्यक्त कर पाना।	2	समझना
		कल्पनात्मक सवालों के जवाब बेझिझक दे पाना।	3	समझना
		चुटकुले/पहेली सुनाने की पहल कर पाना।	4	याद रखना
		लघुदीर्घ मात्राओं को उनके उच्चारण भेद के अनुसार पढ़ पाना।	5	याद रखना
		पहेलियों को पढ़कर उत्तर बता पाना।	6	समझना
		शब्दों को वर्णमाला क्रम में जमा पाना।	7	समझना
		पहेलियों को पढ़कर उत्तर बता पाना।	8	समझना
		कविता को सही उतार–चढ़ाव के साथ सुना पाना।	9	याद रखना
		अपनी मन पसंद पहेली, चुटकुले सुना पाना।	10	याद रखना
		कल्पनात्मक प्रश्नों पर अपने विचार व्यक्त कर पाना।	11	समझना
		चित्रों की क्रमबद्धता को समझ कर कहानी बनाकर सुना पाना।	12	अनुप्रयोग करना
	पढना एवं पढकर समझना	सीखे गए वर्णों को वर्णमाला क्रम से जमा पाना।	1	याद रखना
		सीखी गई मात्राओं की स्पष्टता होना।	2	समझना
		बेमेल शब्दों को छाँटकर लिख पाना।	3	समझना
		विभिन्न प्रकार के निर्देशों को पढ़कर समझते हुए कार्य कर पाना।	4	समझना
		दी गई वर्ग पहेलियों को पढ़कर उत्तर लिख पाना।	5	समझना
		शब्दों में होने वाले ध्वनि भेद को समझकर मिलान कर पाना।	6	समझना
		दी गई पहेलियों को पढ़कर उत्तर बता पाना।	7	समझना
		नवीन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कर पाना।	8	समझना
		विषय वस्तु को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दे पाना।	9	समझना
		वर्ण माला का समझ के साथ अनुप्रयोग कर पाना।	10	समझना
		विभिन्न प्रकार के निर्देशों को पढ़ कर उनके अनुसार कार्य कर पाना।	11 से 13	याद रखना
		पहेलियों को पढ़कर समझ पाना एवं उत्तर दे पाना।	14	समझना
		कहानी को पढ़कर समझ पाना एवं उत्तर दे पाना।	15	समझना
		सही मात्रा युक्त शब्द को पहचान पाना।	16	समझना
		वर्णो को सही क्रम में जमाकर शब्द बना पाना।	17	समझना
		शब्दों को सही क्रम में जमाकर वाक्य बना पाना।	18	समझना
		वर्ग पहेलियों को पढ़कर समझते हुए हल कर पाना।	19	समझना
		वर्ग पहेलियों को पढ़कर समझते हुए हल कर पाना।	20	समझना
		निर्देशानुसार समझकर कार्य कर पाना।	21, 22	अनुप्रयोग करनाए समझना
		अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कर पाना।	23	समझना
		कहानी अनुच्छेद को पढ़कर समझते हुए प्रश्नों के उत्तर दे पाना।	24, 25	समझना
		युग्म शब्दों को पढ़कर समझते हुए वाक्यों में प्रयोग कर पाना।	26	समझना
	लिखना	सीखे गए वर्णों एवं मात्राओं से शब्द बना पाना।	1	याद रखना
		विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्यों में दे पाना।	2	अनुप्रयोग करना

क्र	अधिगम क्षेत्र	अधिगम क्षेत्र से जुड़ा उपसूचक	प्रश्न क्रमांक	एण्डरसन टैक्सोनोमि के अन्तर्गत कौशल/उद्देश्य
		समान ध्वनि वाले शब्दों के आधार पर से नवीन शब्द बना पाना।	3	अनुप्रयोग करना
		शब्दों के पढ़कर अर्थ लिख पाना।	4	याद रखना
		विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में दे पाना।	5	याद रखना
		संदर्भ के अनुसार अपनी बात 4 से 6 वाक्यों में लिख पाना।	6	समझना
		चित्र के आधार पर कहानी/वाक्य बनाकर लिख पाना।	7	समझना
		विभिन्न संदर्भों से संबंधित 3–4 पंक्तियों की कविता की रचना कर पाना।	8	अनुप्रयोग करना
		दिए गए चित्रों के नाम लिख पाना।	9	याद रखना
		चित्र के आधार पर वाक्य लिख पाना।	10	समझना
		सीखे गए शब्दों से वाक्य बना पाना।	11	अनुप्रयोग करना
		चित्रों के आधार पर वाक्य लिख पाना।	12	अनुप्रयोग करना
		चित्रों के नाम लिख पाना।	13	याद रखना
		दो चित्रों में अन्तर ढूँढ़कर लिख पाना।	14	अनुप्रयोग करना
		सीखे गए शब्दों से वाक्य बना पाना।	15	अनुप्रयोग करना
		चित्रों को देखकर नाम लिख पाना।	16	अनुप्रयोग करना
		विभिन्न संदर्भों से संबंधित विचारों का लेखन कर पाना।	17	अनुप्रयोग करना
		चित्र को देखकर अधूरी पूरी कर पाना।	18	अनुप्रयोग करना
		उचित शब्दों का प्रयोग कर कविता को पूरी कर पाना।	19	अनुप्रयोग करना
		विभिन्न प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में दे पाना।	20	समझना
		चित्र देखकर उसके आधार पर 2 वाक्य लिख पाना।	21 से 23	अनुप्रयोग करना
		विभिन्न प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में दे पाना।	24	समझना
		अनुमान व कल्पना से संबंधित प्रश्नों को पढ़कर विचार लिख पाना।	25	अनुप्रयोग करना
	सृजनात्मक अभिव्यक्ति	अपनी पसंद का चित्र बना पाना रंग भर पाना।	1	समझना
		अभिनय कर पाना।	2	याद रखना
		विषय वस्तु के अनुसार चित्र बना पाना।	3	समझना